52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.9°c अधिकतम 34.3 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:00 सूर्यास्त : 6:31 | वर्ष : 52/ अंक : 250 | सोमवार, 09 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

दूसरों से जलने से अच्छा है खुद को जलाओ, मगर मशाल बनकर।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जितना बड़ा गुंडा, सपा में उसका उतना बड़ा ओहदा : योगी आदित्यनाथ



हुनर देखकर काम देना भी एक हुनर है......

# शर्मनाक हरकत : विकास पर खुद थूककर चल रहे बेहूदे लोग











**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** सरकार को विकास के लिए कोसने में हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ते, शायद मामूली से एक गड्ढे को भी हम बर्दाश्त नहीं करते और सड़कों पर चलते समय सरकार को खूब खरी खोटी कहते हुए सफर तय करते हैं मगर अपनी तहजीब उस समय कहां चली जाती है, जब नए नए पेंट की दीवारें हों या ऑफिस के कार्यालय उन्हें अपने पान की पीक से किस तरह खराब करते हैं, शायद यह अपनी कमी हमने अपने अंदर झांकना छोड़ दिया है। हाल ही में नगर पालिका द्वारा जानसठ पुल पर खूबसूरत पेंटिंग दोनों और कराई जा रही है। करीब एक माह की मेहनत के बाद ये पेंटिंग बनकर अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुई और वहां का शर्मनाक नजारा देखकर बुलेटिन टीम को ही नहीं आते जाते नगर के संभ्रान्त नागरिकों को भी शर्म आने लगी है। कुछ लोगों ने बुलेटिन को शिकायत की कि एक बार जानसठ पुल का हाल देखकर आइये, इस पर बुलेटिन टीम वहां पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली तो खूबसूरत पेंटिंग पर बेहुदे लोगों द्वारा किस कदर पान की पीक डाली गयी है, उसे देखकर वास्तव में ग्लानि होने लगी। अब इसके लिए किसे कोसे और किसे नहीं, जिस नगर के व्यक्ति को इतनी भी तहजीब नहीं कि चंद दिनों पहले हुए लाखों रुपये खर्च करके तैयार हुई इन पेंटिंग्स को देखकर तो कम से कम खुद को तो शर्म आ जानी चाहिए थी कि यहां तो न थूका जाए, मगर शर्म किस बात की। सरकारी कार्यालयों के नजारे भी कुछ इसी तरह के दिखाई देते हैं। कई सरकारी कार्यालयों में भी यही हाल दिखाई पड़ता है, जहां पीकदान रखने की बात तो छोड़ो, जहां कर्मचारी बैठते हैं वहीं की आसपास की दीवारों को अपनी पान, पुडिया की पीक से रंगीन कर देते हैं। हालांकि तहजीब का पाठ पढ़ाना किसी को भी आज बेमानी ही हो गया है, मगर ऐसे लोग कम से कम नगर के विकास की बात न ही करें तो अच्छा होगा। बड़े-बड़े ज्ञान सरकार के कार्यों पर न बताए जाएं तो ऐसे लोगों के लिए बेहतर ही होगा। खराब सड़कें, अव्यवस्थाएं ही बेहतर हैं। जिस शहर के लोगों को इतनी भी तहजीब न हो कि सड़क पर चलते हुए क्या करना है और कार्यालय में बैठकर क्या करना है, ऐसे लोगों को समझाना बेकार है। शायद इन्हें कभी शर्म भी नहीं आएगी।

### कैमरे लगाकर ऐसे लोगों से वसूला जाए जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** सच बात तो यह है कि शब्दों की भाषा शायद मुजफ्फरनगर ने ऐसे बेहूदे लोगों की समझ में आने वाली नहीं है, जिन्हें यह तक नहीं पता कि कहां थूकना है और कहां पेशाब करना है। ऐसे लोगों पर तो कैमरा लगाकर उन्हें चिह्नित कर भारी-भरकम जुर्माना वसूलने का प्रावधान होना चाहिए। और जब तक यह प्रावधान नहीं होगा तो चाहे आप शहर में कितना भी विकास कार्य करा लें, इसी तरह विकास पर थूका जाएगा, क्योंकि भारत एक ऐसा देश है जहां थूकने की बात तो अलग खुले में खड़े होकर महिलाओं के सामने शौच में भी बेहुदे लोगों को शर्म तक नहीं आती। ऐसे लोग अपने घर परिवार में किस सभ्यता के साथ रहते होंगे, यह भी कह पाना मुश्किल है।

### पाठकों से अनुरोध

**बुलेटिन पाठकों से अनुरोध है कि यदि आपके द्वारा किसी ऐसे व्यक्ति जो कि इस तरह के विकास कार्यों पर थूकता या उन्हें गंदा करता दिखाई देता है कि आप तुरन्त उसका फोटो या वीडियो बुलेटिन को भेजें, ऐसे व्यक्ति को बुलेटिन तुरन्त ग्रुप पर चलाकर शर्मसार करेगा या उसके खिलाफ कार्यवाही कराने का प्रयास करेगा।**

## मुजफ्फरनगर के श्रद्धालुओं की मिनी बस के हादसे में एक की मौत, छह बच्चों समेत 19 घायल

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** बागड़ राजस्थान में दर्शन करने जा रहे मुजफ्फरनगर की शिक्षक कालोनी और खतौली के श्रद्धालुओं की मिनी बस मेरठ-बागपत नेशनल हाईवे पर पिलाना मोड़ पर लगे हाइट गेज से टकरा गई। इसमें सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त कर्मी मंगलसेन (70) की मौत हो गई, जबकि छह बच्चों और महिलाओं समेत 19 श्रद्धालु घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार खतौली के रहने वाले अजय ने बताया कि मुजफ्फरनगर की शिक्षक कालोनी में उसकी ससुराल से रविवार सुबह कई परिवार मिनी बस में सवार होकर राजस्थान के बागड़ मंदिर में दर्शन के लिए चले थे। सुबह करीब 11 बजे जैसे ही उनकी मिनी बस मेरठ-बागपत नेशनल हाईवे पर पिलाना मोड़ पर पहुंची तो वहां सड़क के बीच में लगाए गए हाइट गेज के खंभे से बस टकरा गई। इस हादसे में शिक्षक कालोनी निवासी मिनी बस में सवार श्रद्धालु राजेंद्र प्रताप, मंगलसेन, अमित, रामवती, ज्योति, अर्णव, सोनिका, प्रेमवती, सुनील, गुनगुन, गाजियाबाद निवासी संजय, सुनीता, आरव, खतौली निवासी अजय, प्रीति, भारत, पृथ्वी, मेरठ निवासी अरुण और चालक नफीस समेत 20 घायल हो गए। इससे वहां काफी देर तक जाम लगा रहा।



## भारत ने तोड़ा टोक्यो का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 8 सितंबर (एजेंसी)।** भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक सबसे सफल पैरालंपिक साबित हुआ है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 इससे पहले भारत का सबसे सफल पैरालंपिक रहा था। उसमें भारत ने 54 एथलीट्स भेजे थे और 19 पदक जीतने में कामयाब रहे थे। इनमें पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक शामिल थे। भारत ने 20वां पदक जीतते ही टोक्यो पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके अलावा सात स्वर्ण जीतकर भारत ने टोक्यो के पांच स्वर्ण के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। टोक्यो 2020 में भारत की रैंक 24 रही थी, जो कि अब तक का सर्वश्रेष्ठ है। इस बार देश 29 पदकों के साथ 19वें स्थान पर है। यह अब तक की भारत की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग होगी।

### दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस

**नई दिल्ली, 8 सितंबर (एजेंसी)।** अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय भारत दौरे पर दिल्ली पहुंच गए हैं। क्राउन प्रिंस के रूप



में अल नाहयान का यह पहला आधिकारिक भारत दौरा है। नई दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनकी अगवानी की और उनका औपचारिक स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान अल नाहयान के साथ वहां के कई मंत्री और एक व्यापार मंडल भी आया है। इससे पहले, शनिवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनके भारत दौरे के पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी थी। एमईए के मुताबिक, क्राउन प्रिंस नौ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे और राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।

# हंगामे के बाद ताला लगाकर गायब हुए मुस्लिम

### भरतिया कॉलोनी के मकान में धर्मशाला बनाएंगे हिन्दू संगठन

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** नई मंडी क्षेत्र के भरतिया कॉलोनी में मुस्लिम व्यक्ति द्वारा मकान खरीदे जाने और वहां बाहरी लोगों को बुलाकर नमाज आदि की गतिविधियां किए जाने व आवामे हिंद पार्टी का दफ्तर बनाने को लेकर हंगामे के बाद आधी रात को इस मकान में रह रहे लोग ताला लगाकर वहां से चले गए। इस बीच कल तक खिसिया रहे बिजली विभाग के लोगों ने वहां मीटर भी टांग दिया, हालांकि मकान बंद होने के कारण अंदर कनेक्शन नहीं किया जा सका। दूसरी ओर 65 लाख की कीमत के बजाय उक्त मकान में करोड़ों का खेल होने पर बैंक प्रबंधक को भी गिरफ्त में लेने की तैयारी है। हिंदू समाज के लोगों ने स्पष्ट कहा कि किसी कीमत पर यहां मुस्लिमों को नहीं रहने दिया जाएगा और उक्त मकान को खरीदकर वहां धर्मशाला बनाई जाएगी।

भरतिया कॉलोनी में वाल्मीकि आबादी वाले इलाके में अशोक कुमार नामक व्यक्ति का मकान बैंक के ऑक्शन में नदीम राव नामक व्यक्ति को दिए जाने और इसके बाद उक्त मकान का निर्माण कराकर वहां बाहरी लोगों के जमावड़े और नमाज आदि पढ़े जाने की गतिविधियों का पता चलने पर बीती रात सैंकड़ों की तादाद में लोगों ने वहां पहुंच कर हंगामा किया था। इसके बाद वहां पहुंची पुलिस ने मामले का जल्द निस्तारण कराने की बात कही थी। रात में हुए हंगामे के बाद आधी रात को वहां रह रहे लोग मकान खाली कर वहां ताला डालकर चले गए। आज सुबह जब हिंदू संगठनों के नेता वहां पहुंचे तो वहां ताला लटका पाया। विहिप के ललित माहेश्वरी ने बताया कि रात में जो बिजली कर्मचारी बिजली चोरी कराने के नाम पर बहाने बता रहे थे, वे आज सुबह मकान के बाहर मीटर टांग गए। हालांकि शून्य रीडिंग वाले इस मीटर का कनेक्शन मकान बंद होने के कारण नहीं किया जा सका। ऐसे में गत दो माह से वहां कितनी बिजली चोरी कराई गई, इसका हिसाब बिजली अधिकारियों से मांगा जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त मीटर भी नदीम के नाम से ही जारी किया गया है। इससे यह दावा भी फर्जी है कि उक्त मकान किसी कश्यप का है। उन्होंने कहा कि 65 लाख कीमत का बताए गए उक्त मकान में करोड़ों के लेन देन की बात सामने आ रही है। इसे लेकर बैंक मैनेजर से भी सोमवार को पूछा जाएगा। बैंक और बिजली विभाग दोनों के खिलाफ इस मामले में कार्रवाई की मांग भी उन्होंने की। इसके साथ ही हिंदू संगठनों ने साफ चेतावनी दी कि उक्त बस्ती में मुस्लिम कार्यालय नहीं खुलने दिया जाएगा और इसे खरीदकर वहां धर्मशाला बनवाई जाएगी।









## राजनेता, कोर्ट व बुद्धिजीवी बढ़ते अपराधों के लिए जिम्मेदार : साध्वी प्राची

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** रविवार को साध्वी डॉ. प्राची ने कोलकाता जैसी रेप व मर्डर की घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं बड़ी शर्मनाक है। बेटियों के साथ गैंगरेप जैसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है, जिनके जिम्मेदार तीन लोग हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के पक्ष में खड़े राजनेताओं से आहत साध्वी प्राची ने इसके लिए बुद्धिजीवी वर्ग के साथ ही कोर्ट को जिम्मेदार करार देते हुए कहा कि दशकों तक मुकदमे चलने से यहां बेटियों को इंसाफ नहीं मिलता, जो अपराधियों के बचने का मुख्य कारण हो जाते हैं। डॉ. प्राची ने देश में राजनेताओं को बलात्कारियों को बचाने और अपराधियों को संरक्षण देने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि ये तीनों केटेगीरी फैसला ले, तभी देश से अपराध व अपराधी समाप्त हो सकेंगे। रविवार सायं साध्वी डॉ. प्राची नगर के हृदयस्थल शिवचौक पर पहुंची, जहां उन्होंने बाबा भोले नाथ के दर्शन करने के बाद वहां मौजूद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश की योगी सरकार के कार्यो और अपराधों पर अंकुश लगाने के प्रयासों की सराहना की, वहीं पूर्ववर्ती प्रदेश सरकारों के कार्यकाल की चर्चा करते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार व बढ़ रहे अपराधों के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने योगी जी को सुख-शांति के लिए काम करने वाला बताते हुए कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने नेम प्लेट मामले में बढ़ते विवादों पर सवाल करते हुए कहा कि अपनी जाति व धर्म को छिपाकर किस कारण काम करना चाहते हैं, इसमें दाल में कुछ काला होने का संदेह बढ़ता है, जो खतरे की घंटी है। उन्होंने समाज के लोगों को इस दिशा में जागरुक होने के साथ ऐसे तमाम कारोबारियों से सजग रहने का आह्वान किया। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे के गायक कन्हैया मित्तल के यूं अचानक कांग्रेस में शामिल होने के सवाल को साध्वी प्राची ने टालते हुए कहा कि यह सवाल कन्हैया मित्तल से पूछना चाहिए।

### जाति-धर्म छिपाने वालों से किया हिन्दू समाज को सचेत



## राम नहीं राहुल को लाने वालों के साथ जाएंगे गायक कन्हैया मित्तल

**चंडीगढ़, 8 सितंबर (एजेंसी)।** अभी तक भाजपा नेताओं के साथ गलबयिां करते घूम रहे 2022 में हुए यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे गाना गाने वाले कन्हैया मित्तल भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामने वाले हैं। यानि अब वे राम नहीं राहुल को लाने वालों के साथ जाएंगे। बताया गाय है कि आगामी कुछ दिनों में वह कांग्रेस ज्वाइन करेंगे। बताया जा रहा है कि मित्तल पंचकूला से भाजपा के टिकट के दावेदार थे, लेकिन यहां से दोबारा से ज्ञानचंद गुप्ता को टिकट दिया गया। भाजपा ने चुनावी कैंपेन में मित्तल ने खूब काम किया है और कई भाजपा नेताओं के कार्यक्रमों में ये गाना गाते हुए देखे गए हैं। मूल रूप से चंडीगढ़ के रहने वाले कन्हैया मित्तल खाटू श्याम बाबा और सालासर महाराज के भजनों के कारण चर्चा में रहते हैं। कन्हैया मित्तल ने सोशल मीडिया पर कहा कि मेरे दिल में कांग्रेस के लिए हमेशा से सॉफ्ट कॉर्नर है। वह भाजपा के साथ भी सनातन धर्म के लिए जुड़े थे और कांग्रेस में यही सोच रहेगी कि यहां भी सनातन के लिए काम किया जाए। मित्तल ने कहा कि उनकी हरियाणा में काम करने की इच्छा है। बात बनती है तो मैं हरियाणा में कांग्रेस के साथ काम करना चाहूंगा। वह किसी व्यक्ति विशेष के लिए काम नहीं कर सकते। कन्हैया मित्तल के बदले सुर 4 सितंबर को ही सामने आ गए थे। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया से मुलाकात वाली तस्वीर पोस्ट की थी। इस पर लिखा था- बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद, जबकि इससे पहले कन्हैया सार्वजनिक मंचों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर चुके हैं। इससे पहले, भाजपा के लिए गाने वाले रॉकी मित्तल भी भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं।

### भजन गायक को लगा राजनीति का चस्का



# होटल गैलेक्सी का कब्जा नवीन, राहुल व अभय को सौंपा

### अदालत के आदेश पर पहुंची पुलिस की टीम के साथ गर्मागर्मी

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** नगर के प्रतिष्ठित गैलेक्सी टावर होटल के स्वामित्व को लेकर विवाद के बाद उक्त होटल का स्वामित्व अदालत के आदेश पर नवीन चंद जैन, राहुल कुमार गोयल व अभय गुप्ता को सौंप दिया गया है। उनके अधिवक्ता प्रशांत कुमार ने आरोप लगाया कि फर्जी बैनामे व कागजों के आधार पर विकास गोयल व अजय गुप्ता व सतीश सिंघल आदि ने उक्त भवन पर अवैध कब्जा किया था। उन्होंने बताया कि फर्जी कागजों के आधार पर होटल का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराने के प्रयास भी विफल हो चुके हैं। अदालत के आदेश के बाद आज पुलिस के जरिए उक्त भवन का कब्जा लेने के लिए विजयी पक्ष पहुंचा तो दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया। इसे लेकर गर्मागर्मी भी हुई।

नगर के गैलेक्सी टावर होटल के स्वामित्व को लेकर कई वर्ष से विवाद चल रहा था। इस होटल में कई पार्टनर थे। एक पार्टनर नवीन चंद जैन ने अदालत में इसे लेकर वाद दायर किया था। इसमें बताया गया था कि 19 अक्टूबर 2012 एक भागीदारी फर्म मैसर्स गैलेक्सी टावर बनाई गई थी। इसमें जैन की 45 प्रतिशत की भागीदारी थी। पूर्व सांसद स्वर्गीय संजय चौहान व उनकी पत्नी अनुराधा चौहान ने अपना हिस्सा विड्रा करते हुए उक्त भूमि उक्त भागीदारों को सौंप दी थी। आरोप है कि दस मार्च 2015 को प्रतिवादियों ने एक नई पार्टनरशिप डीड बनवाई। इसमें स्व. रेवतीनंदन को पक्षकार बनाया गया। जैन ने इस डीड के लिए कोई सहमति नहीं दी थी। उक्त फर्जी डीड के आधार पर प्रतिवादियों ने उक्त होटल का व्यापार कर विभाग में पंजीकरण करा लिया था। जैन की आपत्ति पर व्यापारकर विभाग ने उक्त पंजीकरण निरस्त कर दिया। नवीन चंद जैन ने प्रतिवादियों पर अवैध रूप से होटल पर कब्जा करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि प्रतिवादियों ने उक्त भागीदारी फर्म में अपने हिस्से का पैसा भी नहीं दिया है। प्रतिवादियों पर होटल पर अवैध रूप से कब्जा कर अपराधी तत्वों की मदद से जैन को बाहर निकालने और अवैध रूप से इसका संचालन करने का आरोप लगाया था। उन्होंने प्रतिवादियों द्वारा बनवाई गई दूसरी पार्टनरशिप डीड को अवैध बताते हुए शून्य घोषित करने की भी मांग की थी। नवीन चंद जैन तथा उनके अधिवक्ता प्रशांत कुमार ने उक्त मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अदालत ने उन्हें कब्जा दिलाने के आदेश के साथ प्रतिवादियों पर निषेध लगाया है कि वे अग्रिम आदेशों तक होटल गैलेक्सी का संचालन करने में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से स्वयं या अपने एजेंटों द्वारा किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना करें। सिविल जज जूनियर डिविजन भुवन ने उक्त आदेश जारी करते हुए 17 सितंबर को मामले में सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की गई है। नवीन चंद जैन ने आरोप लगाया कि विकास गोयल, अजय गुप्ता गैस वाले और सतीश सिंघल आदि ने करीब तीन साल अपने अवैध कब्जे के दौरान होटल का काफी सामान भी खुर्दबुर्द कर दिया। उन्होंने कहा कि अब होटल को फिर से उसकी पुरानी गरिमा के साथ चलाया जाएगा। आज सुबह कोर्ट के उक्त आदेशों के साथ पुलिस को लेकर वादी नवीन जैन होटल पहुंचे तो पहले तो उनका विरोध किया गया, लेकिन बाद में उक्त होटल अदालत के आदेशानुसार नवीन चंद जैन, राहुल कुमार गोयल व अभय गुप्ता के सुपुर्द करा दिया गया। नवीन जैन ने उक्त मामले में एसएसपी से सुरक्षा की भी मांग की है।

### असली मालिक तो हम हैं: विकास गोयल

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** स्व.रेवती नंदन के दामाद विकास गोयल का कहना है कि गैलेक्सी होटल मामले में आदेश 17 सितंबर तक प्रभावी हैं। आज पुलिस के बल पर उनका कब्जा हटवा दिया गया। हम अदालत में अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त लोगों के पास केवल एक डीड है और हमारे पास बैनामे हैं। इन लोगों का हिसाब भी हम कर चुके हैं। इसे लेकर अदालत से न्याय की मांग की जाएगी।



### 11 से 13 सितंबर तक सेमीकॉन इंडिया 2024 की मेजबानी करेगी योगी सरकार

**लखनऊ, 8 सितंबर (एजेंसी)।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इसी क्रम में उत्तर प्रदेश 11 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 की मेजबानी करने जा रहा है। भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने में मदद करने के लिए सेमी और मेसे मुएनचेन इंडिया, इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया-ईएलसीआईएनए के साथ इस कार्यक्रम के लिए साझेदारी कर रहे हैं। 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वृहद कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में एक उभरता हुआ प्लेयर है। अनुमान है कि इस क्षेत्र का चिप बाजार 2026 तक 55 बिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगा। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार भी इस क्षेत्र में संभावनाओं को देखते हुए सेमीकंडक्टर उद्योगों को आमंत्रित कर रहा है।

# पीएम आवास में 79 ने किया पैसा लेने से इंकार

- जांच को पालिका ने बढ़ाए कदम, फर्जी मिले फोन नम्बर
- भौतिक सत्यापन के अभाव में रुका नई डीपीआर का काम

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** मोदी सरकार की पहल पर देश में गरीब परिवारों के अपने घर बनाने को शुरू की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में मिलने वाली 2.5 लाख रुपये की मदद के लिए लोग दर-दर भटकने को विवश हैं, लेकिन इस योजना में सर्वेयर कंपनी ने दावा किया है कि नगरपालिका क्षेत्र में पीएम आवास योजना शहरी में आवेदन करने वाले 79 लोगों ने योजना का पैसा लेने से इंकार कर दिया है। अब इन्हें कर्टेलमेंट डीपीआर में डालकर इसका सत्यापन कराने की पालिका से मांग सर्वेयर कंपनी की ओर से की है ताकि इसका निस्तारण होने के बाद में पीएम आवास के नए आवेदकों की डीपीआर बनाकर स्वीकृति के लिए भेजी जा सके, लेकिन अपात्र ठहराए इन 79 लोगों की सूची में गड़बड़ मिली है। जांच में कई आवेदकों के फोन नम्बर फर्जी पाए जाने के बाद पालिका सूची का भौतिक सत्यापन कराये जाने का निर्णय लेते हुए सर्वेयर कंपनी से एक कर्मचारी की मांग की है। पीएम आवास योजना में डूडा संग काम कर रही सर्वेयर कंपनी के जिला समन्वयक ब्रज देव ने बताया कि सभी नगरीय क्षेत्रों से बनी कर्टेलमेंट डीपीआर की जांच और स्वीकृति के बाद नई डीपीआर बनाने का काम शुरू होगा। कर्टेलमेंट डीपीआर में वो आवेदक शामिल हैं, जिनके द्वारा योजना में आवेदन स्वीकार होने के बाद पैसा लेने से इंकार किया है, जिन्हें अपात्रता श्रेणी में रखा है। नगरपालिका मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में 4659 आवेदक इस कर्टेलमेंट डीपीआर में शामिल किए हैं, जोकि 2107 से 2024 तक के हैं। इनमें से 4580 पात्र पाए गए, वहीं 79 आवेदकों को अपात्रता की श्रेणी में रखा है। उन्होंने बताया कि कर्टेलमेंट डीपीआर में शामिल शहरी क्षेत्र के इन 79 अपात्र आवेदकों की जांच को पालिका को पत्रावली भेजी गई है। इसमें ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने टीएस नरेश शिवालिया को सूची का सत्यापन कराकर जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

बता दें, पीएम आवास योजना में केन्द्र सरकार की ओर से पात्र आवेदक को मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपये की सहायता दी जाती है। पहली किस्त में 50 हजार, दूसरी में डेढ़ लाख और तीसरी किस्त में 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद त्रिस्तरीय जांच होती है। इसमें नगर पालिका, तहसील और डूडा की ओर से सर्वेयर कंपनी के कर्मचारी जांच करते हैं। जिले में 7 हजार लोगों ने आवास के लिए आवेदन किए है, जो लंबित हैं। वहीं नई डीपीआर बनाने की कवायद शुरू की जा चुकी है।

**इन्होंने कहा-**

**टीएस नरेश शिवालिया ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत सर्वेयर कंपनी के जिला समन्वयक की ओर से कर्टेलमेंट डीपीआर की पत्रावली पालिका को 79 अपात्रों की जांच करने के लिए दी थी। ईओ के आदेश पर अपात्रों की सूची अवलोकन करते हुए जांच प्रारम्भ कराई गई, जिसमें दिए कई फोन नम्बरों पर आवेदकों से सम्पर्क साधने का प्रयास किया, लेकिन सूची में दिये कई मोबाइल नम्बर फर्जी पाए गए हैं। ऐसे में फोन पर किसी से सम्पर्क नहीं हो पाने से भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए लाइसेंस पटल पर कार्यरत बीसी सोनू मित्तल को लगाया है। वहीं सर्वेयर कंपनी से अपात्रों के पते की जानकारी के लिए एक कर्मी देने की मांग की गई है। अभी सर्वेयर कंपनी द्वारा अपना कर्मचारी नहीं दिया गया, जिससे भौतिक सत्यापन पूरा नहीं हो पाया है। जल्द ही सत्यापन कराकर रिपोर्ट ईओ को प्रेषित कर दी जायेगी।**

## रिश्वत मांगते ऑडियो वायरल होने के बाद लेखपाल को हटाया

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** जानसठ तहसील के एक लेखपाल की कथित रिश्वत मांगने की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल होने के बाद उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार ने संबंधित लेखपाल का तुरंत स्थानांतरण कर विभागीय कार्रवाई शुरू करा दी है। आज एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी। वायरल ऑडियो के मुताबिक आरोपी लेखपाल राजेश लोधी किसी व्यक्ति से चकरोड को छुड़वाने के एवज में पैसों के लेनदेन को लेकर बात कर रहा है। जिसमें वह इशारों-इशारों में कह रहा है कि काम किए एक महीना हो चुका है लेकिन तय बातचीत के अनुसार पैसे का लेनदेन नहीं हुआ है और काम हो गया है। दोनों के बीच हुई बातचीत में लेखपाल बोल रहा है कि बाकी काम कानूनगो के ऊपर निर्भर है उनके हिसाब से जो तय हुआ था उसके मुताबिक काम पूरा हो चुका है। लेकिन उसके बाद एक बार बार भी उक्त व्यक्ति ने मुलाकात नही की, जिसके बाद लेखपाल कहता है कि मुझे सोमवार में आकर मिलो तब काम आगे होगा। एसडीएम सुबोध कुमार ने वायरल ऑडियो के आधार पर लेखपाल को हटा दिया है और मामले की जांच शुरू करा दी है।





इस्कॉन के राधाष्टमी कार्यक्रम में पूजन करतीं नगर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप।



फोटो बुलेटिन इस्कॉन के राधा रानी अष्टमी कार्यक्रम में उमड़े भक्त जन।

# इस्कॉन ने हर्षोल्लास से मनाया राधा रानी का प्राकट्य उत्सव

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा आयोजित राधारानी का प्राकट्य उत्सव अर्थात श्री राधाष्टमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत भवन को बड़े ही भव्य रुप से सजाया गया। जिलाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने भगवान की आरती एवं अभिषेक करके कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। माधवगौर प्रभुजी के निर्देशन के अनुसार भगवान श्री श्री राधा मदनमोहन जी का अत्यंत मनमोहक श्रृंगार देखकर सभी भक्तों को बड़े ही आध्यात्मिक आनंद का अनुभव हुआ। साथ ही भगवान के अतिभव्य अभिषेक, मंत्रमुग्ध कर देने वाला सुमधुर कीर्तन एवं सुंदर आनंद प्रभुजी द्वारा भगवद कथा से मानो सम्पूर्ण वातावरण वृंदावनमयी हो गया हो। भगवान के दर्शन हेतु सैंकड़ों भक्तों ने बेसब्री से कतार में प्रतीक्षा करते हुए "हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे" के मधुर कीर्तन का रसपान किया। तत्पश्चात भंडारे के साथ कार्यक्रम का सुखद रूप से समापन हुआ। आयोजन स्थल पर भवन प्रबंधन द्वारा की गयी सभी व्यवस्थाएं अचूक थी। आयोजन उल्लास एवं आनंद के साथ संपन्न हुआ।

# अतिशय क्षेत्र वहलना प्रबन्ध कमेटी को लेकर विवादों का समापन

## अतिशय क्षेत्र वहलना में जैन समाज की आम बैठक सम्पन्न, जैन समाज हुआ एकजुट

मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना मन्दिर में प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर के दिन वार्षिक रथयात्रा का महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जाता रहा है, इसी क्रम में रविवार को जैन समाज की एक आम बैठक वहलना कमेटी द्वारा मंदिर प्रांगण में आहुत की गयी थी, जिसमें जैन समाज के सैकड़ों लोगों ने हिस्सेदारी की और 2 अक्टूबर के महोत्सव को लेकर अनेकों कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। समस्त जैन बन्धुओं ने बैठक में मेले को भव्यता से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों पर अनेक निर्णय लिये।

बैठक में समाज के कुछ लोगों के संशय को भी कमेटी के पदाधिकारियों ने तथ्य व साक्ष्यों के आधार पर संतुष्टिपूर्ण समाधान किया, जिससे समाज के जिम्मेदार लोगों में संशय की भावना समाप्त हुई व समाज ने एकजुटता का सन्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता राजेश जैन (गर्ग डुप्लैक्स) व संचालन रविन्द्र जैन "वहलना" तथा संजय जैन महामंत्री "नावला वाले" ने किया। बैठक में अनेकों लोगों के द्वारा प्रस्ताव रखे गये, जिसमें से कुछ प्रस्तावों पर सहमति भी बनी। अध्यक्षता कर रहे कमेटी के अध्यक्ष राजेश जैन ने बैठक में पधारे जैन समाज के समस्त संभ्रात लोगों का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए कहा कि दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना के समस्त पदाधिकारी व सदस्य सदैव समाज के सेवक के रूप में कार्य करते रहे हैं। जब भी समाज के किसी कार्य में अथवा धार्मिक आयोजन में जरूरत पड़ी है, वहलना कमेटी के सदस्यों ने समाज के प्रति अपनी भागीदारी निभाई है। संचालन कर रहे रविन्द्र जैन व संजय जैन ने सामूहिक रूप से कहा कि वहलना जैन मंदिर जैन श्रद्धालुओं के लिये आस्था का क्षेत्र है व प्रतिवर्ष लाखों जैन श्रद्धालु यहां धर्म लाभ लेने के लिये पधारते हैं, जिसके लिये वहलना जैन मंदिर कमेटी यथोचित व्यवस्था करने का काम करती है। बैठक में प्रदीप जैन "कली वालों" ने कहा कि समाज में कुछ लोगों में पैदा हो रहे संशय को दूर करना हम सभी की जिम्मेदारी है व समाजिक एकजुटता बनाये रखने के लिये सभी विषयों पर बातचीत के द्वारा सहमति बनाया जाना बहुत आवश्यक है। बैठक समाप्ति से पूर्व समाज के कुछ युवाओं द्वारा उठाए गये संशयों पर मंदिर कमेटी ने तथ्यात्मक वर्णन करते हुए समाधान करने का काम किया, जिसमें मुख्यतः निपुण जैन एडवोकेट के द्वारा कमेटी के महामंत्री से मंदिर से जुड़ी संपत्ति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगते हुए संशय व्यक्त किया कि यह सम्पति किसी की निजी सम्पति तो नहीं है, तब संचालन कर रहे सजय जैन ने बैनामों की सभी फाईल लाकर प्रदीप जैन कली वाले के हाथ में सौंप दी। तत्पश्चात प्रदीप जैन ने निपुण जैन को आमंत्रित कर उक्त बैनामों का स्वयं पढ़ने व लोगों को सुनाने को कहा ताकि सभी का संशय समाप्त हो सके। निपुण जैन एडवोकेट द्वारा बैनामों को बैठक के बीच पढ़ने पर कोई भी बैनामा व्यक्तिगत न होकर अतिशय क्षेत्रों के नाम पाये गये। बैठक के अन्त में सभी ने करतल ध्वनी से वहलना कमेटी के सदस्यों का स्वागत करते हुए यह प्रस्ताव भी पास किया गया कि मंदिर प्रांगण में कभी भी कोई व्यवसायिक गतिविधि नहीं होगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई व कमेटी के अध्यक्ष राजेश जैन ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।



## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 08 सितंबर (वार्ता)।** भारतीय और विश्व इतिहास में 09 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1543-नौ महीने की मैरी स्टुअर्ट को स्कॉट्स की रानी घोषित किया गया। 1776-फिलाडेल्फिया में दूसरे महाद्वीपीय बैठक में संयुक्त उपनिवेश (युनाइटेड कॉलोनी) का नाम संयुक्त राज्य (युनाइटेड स्टेट) रखा गया। अमेरिका को आधिकारिक रूप से एक देश घोषित किया गया। 1994-संयुक्त राष्ट्र संयुक्त राष्ट्र दिसंबर 1994 में, विश्व के स्वदेशी लोगों के पहले अंतर्राष्ट्रीय दशक (9 अगस्त) के दौरान हर साल मनाया जाएगा। 1791-अमेरिका की राजधानी का नामकरण राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के नाम पर वाशिंगटन रखा गया। 1915-प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी यतिन्द्रनाथ सान्याल और अंग्रेजों के बीच उड़ीसा के काप्टेवाड़ा में संघर्ष। 1920-अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय में रूपांतरित हो गया। 1922-तुर्की की सेनाओं ने ग्रीक सेना का पीछा करते हुए इजमिर में प्रवेश किया। 1924-कोवाइ हवाई में हनेपेप नरसंहार हुआ। बेल्जियम में 8 घंटा कार्य दिवस लागु हुआ। 1923-तुर्की प्रमुख अतातुर्क ने सीएचपी की स्थापना की। 1945-प्रथम कंप्युटर बग की खोज। 1945-द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान ने चीन के सामने आत्मसमर्पण किया। 1948-उत्तर कोरियाः गणतंत्र दिवस 1949-भारत की संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। 1985-मूक-बधिर तैराक तारानाथ शेनॉय ने तीसरी बार इंग्लिश बे में तैरकर रिकॉर्ड बनाया। 1991-ताजिकिस्तान को सोवियत संघ से स्वतंत्रता मिली। 1994-सचिन तेंदुलकर ने श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला वनडे शतक बनाया 2001-उत्तरी गठबंधन के प्रमुख अहमद शाह मसूद की तालिबान ने हत्या कर दी। 2001-भारतीय फिल्म निर्देशक मीरा नायर की मानसून वेडिंग ने वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डन लायन पुरस्कार जीता।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 73550 | चांदी- | 83400 |
| सिक्का- | 96000 | गिन्नी- | 54850 |

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 09 सितम्बर, 2024**

**मेष-** अधूरी योजना साकार होने की ओर, भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, वाकद्दपटुता से कार्यों में अनुकूलता, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त।

**वृषभ-** प्रतियोगिता में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने की ओर, स्वाध्याय में रुझान, रचनात्मक क्रिया-कलापो की ओर अभिरुचि।

**मिथुन-** व्यवसाय में विस्तार या परिवर्तन हेतु नवयोजना की शुरूआत संभव, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ।

**कर्क-** आरोग्यसुख में कमी, कार्यों के प्रति असंतोष, किसी खास व्यक्ति से धोखा खाने की आशंका, आपसी संबंधों में ताल-मेल का अभाव, विरोधियों का वर्चस्व।

**सिंह-** कार्यों में उन्नति का सुयोग, सुपरिचितों के सहयोग से समस्या का समाधान, शारीरिक अनुकूलता, राजनीतिक गतिविधियों में रुझान, आत्मिक शांति।

**कन्या-** आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, वाद-विवाद में कमी, किसी योजना का सुपरिणाम, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, यात्रा संतोषजनक।

**तुला-** स्वास्थ्य बेहतर, आत्मविश्वास से कार्यों में सफलता, पुराने विवाद के समपन का मार्ग प्रशस्त, उन्नति की दिशा में प्रयास सार्थक, मनोरंजन में रुचि।

**वृश्चिक-** समय विपरीत, जल्दबाजी में किया गया कार्य व लिया गया निर्णय अहितकर, आत्मीयजनों में कटुता, स्वास्थ्य में व्यवधान, निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा।

**धनु-** व्यक्तित्व का विकास, समस्याएँ आपके पक्ष में सुलझने की ओर, पराक्रम से कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, सामाजिक गतिविधियों में रुझान।

**मकर-** कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुयोग प्राप्त।

**कुम्भ-** विनियोजित धन का प्रतिफल, समस्या विशेष के समाधान के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभप्रद, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के अवसर सुलभ।

**मीन-** पुरुषार्थ में अरुचि, आर्थिक-व्यावसायिक प्रगति में बाधा, प्रियजनों से विश्वासघात की आशंका, वैवाहिक सुख में अड़चनें, कर्ज की अदायगी की चिंता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# विद्युत आपूर्ति की परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**शाहपुर, 08 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव आदमपुर बिजलीघर से गांव आदमपुर के अलावा पलड़ी, बसीकलां, ढिढांवली आदि गांवों को विद्युत की आपूर्ति की जाती है। गांव पलड़ी के प्रधान मोनू सैनी ने बताया कि गांव आदमपुर बिजलीघर को विद्युत आपूर्ति गांव खरड़ स्थित 132 केवी बिजलीघर से आपूर्ति की जा रही है। गांव खरड़ से जो आदमपुर बिजली घर को विद्युत की आपूर्ति हो रही है, वह खेतों से टेढ़े मेढ़े रास्तों से होकर की जा रही है और इसकी दूरी करीब 20 किमी है।

विद्युत लाइन में फाल्ट होने पर विद्युत आपूर्ति सुचारू करने में काफी समय लगता है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इसी समस्या को लेकर दर्जनों ग्रामीण आदमपुर बिजली घर पर पहुंचे और उन्होंने गांव आदमपुर में स्थित बिजली घर पर आपूर्ति मदीनपुर स्थित 132 केवी के बिजली घर से करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव मदीनपुर स्थित 132 केवीए बिजली घर से सोरम व शाहपुर के बिजली घरों में विद्युत की आपूर्ति हो रही है। यदि शाहपुर कस्बे में आ रही विद्युत लाइन से आदमपुर बिजली घर को सप्लाई दी जाए तो यह मात्र करीब 5 किमी की दूरी बैठेगी। इस संबंध में बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता श्याम किशोर ने ग्रामीणों को बताया कि यह उच्च अधिकारियों के स्तर का मामला है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों से ही वार्ता की जाए। इसके बाद गांव प्रधान ने विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता से मोबाइल फोन पर वार्ता की। गांव प्रधान ने बताया कि अधीक्षण अभियंता ने उन्हें समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वालों में गांव आदमपुर के प्रधान मुशर्रत अली खान, गांव बसीकलां के प्रधान पति साबू कुरैशी, गांव ढिंढावली के प्रधान शिवम सैनी, पूर्व प्रधान नफीस अहमद, शकील अहमद, नकली प्रजापति, नवीन सैनी, नदीम खान, संदीप सैनी, रिजवान अब्बासी व दिलनवाज खान आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी जानसठ में लैब भवन का भूमि पूजन

## 48 लाख रूपये की लागत से जल्द निर्मित होगी पब्लिक हैल्थ यूनिट लैब

**जानसठ, 08 सितम्बर (बु.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम अभीम) योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन हेल्थ यूनिट लैब भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) वंदना वर्मा, बिजनौर लोकसभा सांसद चंदन सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से मिलकर पहले भूमि पूजन किया। उसके बाद हेल्थ यूनिट लैब निमार्णाधीन भवन की नींव की ईट रखी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार नें कहा कि हेल्थ यूनिट लैब भवन के बनने से क्षेत्र के आने वाले मरीजों को जांच में काफी राहत मिलेगी। विधान परिषद सदस्य एमएलसी वंदना वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब भवन का निर्माण कार्य पर लगभग 48 लाख रुपए धनराशि खर्च की जाएगी। पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब बनने से क्षेत्र वासियों को अब बाहर की जांच से छुटकारा मिल जाएगा, साथ ही एमएलसी वंदना वर्मा नें सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की भी अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के भारत को विकसित भारत बनानें के सपने की कड़ी की ये शुरूआत है, उन्होंने सीएमओ को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिस पब्लिक लैब यूनिट भवन का आज भूमि पूजन किया गया है, वह समय सीमा के अंतर्गत पूरा किया जाए।



## जानसठ सीएचसी है खुद बीमार, कैसे मिले उपचार..... मंत्री बोले-हम लाएंगे चिकित्सक

**जानसठ। सीएचसी पर चिकित्सकों की भारी कमी के चलते पूछे गए एक सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि उनको संज्ञान में नहीं था, अब इस मामले को स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मिलकर जल्द ही सीएचसी जानसठ पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कराई जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, सीएमओ, सीएचसी प्रभारी डॉ.अजय चौधरी, प्रोजेक्ट मैनेजर मथन सिंह, अंकित कुमार पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, बृजेश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।**

# आशा कार्यकत्री पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप



**शाहपुर, 08 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी दलित रितेश व अन्य ग्रामीण रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। रितेश ने केंद्र प्रभारी डॉ. ओ पी जायसवाल को बताया कि शनिवार की देर शाम उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद उसने गांव में तैनात एक आशा कार्यकत्री को फोन कर सूचना दी। आशा कार्यकत्री ने उससे कहा कि एम्बुलेंस बुलवाई जा रही है। प्रसव पीड़ा बढ़ती देख उसने कार्यकत्री को कई बार सूचना दी किंतु वह नहीं आई। उसने बताया कि प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। इसके बाद आशा कार्यकत्री उसके घर पहुंची। जब उसने आशा कार्यकत्री से देर में आने का कारण पूछा तो आशा कार्यकत्री ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित व ग्रामीणों ने आशा कार्यकत्री पर लापरवाही व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। केंद्र प्रभारी ने परिजनों व ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि दो दिन में आशा कार्यकत्री के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा पीड़ित रितेश ने थाने पर भी तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## लड़की का अपहरण करने वाले आरोपी और एक वारंटी को जेल भेजा

**जानसठ, 08 सितम्बर (बु.)।** कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि सागर पुत्र रविंद्र निवासी बझेडी थाना नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव तालड़ा से अपने मामा के यहां रह रही लड़की का अपहरण कर ले गया था। वहीं पुलिस ने वारंटी अनीश पुत्र टोडल उर्फ अमीर आलम निवासी गांव तालड़ा थाना जानसठ को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया है।

# भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सदस्यता अभियान पर किया मंथन



**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा पुरकाजी, बुढ़ाना विधान सभा की बैठक पुरकाजी और बुढ़ाना मंडल में संपन्न हुई बड़ी संख्या में ओबीसी वर्ग के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुंदर पाल जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला संयोजक सदस्यता अभियान मनोज पांचाल विश्वकर्मा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग, विजय वर्मा जिला मंत्री बुढ़ाना विधान सभा संयोजक, सचिन प्रजापति पुरकाजी विधानसभा संयोजक अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया और अतिथियों ने उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सदस्यता के विषय में पूर्ण जानकारी दी और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के अधिक से अधिक सदस्य बनाने हेतु आह्वान किया।

इस दौरान बताया कि टोल फ्री नम्बर 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके सदस्य बनें और पिछड़े समाज के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में सहयोग करें और मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने में सहयोग करे। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के सारे मंडल अध्यक्षों कपिल कश्यप, नंदन कश्यप, इंदर प्रजापति, ऋषिपाल पाल, योगेश पाल, डा. राधेश्याम को भी सम्मानित किया गया।

# सीताशरण इण्टर कॉलेज खतौली की प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न

## सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन में गोपाल अग्रवाल अध्यक्ष, हरशरण गुप्ता हुए प्रबंधक निर्वाचित



**खतौली, 08 सितम्बर (बु.)।** सीताशरण इण्टर कॉलेज खतौली की प्रबन्ध समिति का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध सम्पन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव अधिकारी अरविन्द कुमार निश्चिंतक एडवोकेट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से नामित पर्यवेक्षक रणबीर सिंह प्रधानाचार्य के निर्देशन में सीताशरण इण्टर कॉलेज की प्रबन्ध समिति के चुनाव में सर्वसम्मति से निर्विरोध कार्यकारिणी का चयन हुआ, जिसमें गोपाल अग्रवाल अध्यक्ष, सुनील बंसल उपाध्यक्ष, हरशरण गुप्ता प्रबंधक, पंकज गुप्ता उप प्रबंधक, डा. अखिल गुप्ता कोषाध्यक्ष पद पर सर्व सहमति से निर्वाचित घोषित किये गये। इनके अलावा प्रबन्ध समिति कार्यकारिणी में अनुज शर्मा एडवोकेट, गणेश शंकर पालीवाल, कमल लोचन, महेश गुप्ता, प्रशान्त अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पवन अग्रवाल एवं मुकेश जैन एडवोकेट निर्विरोध सदस्य चुने गये।

# कस्बे में स्टंट करते घूम रहे कार सवार, पुलिस का कोई डर नहीं



**जानसठ, 08 सितम्बर (बु.)।** कस्बे में स्टंट करते कार सवार घूमते रहे। कार सवारों को ना तो पुलिस का डर है, ना ही चोट लगने की फिक्र। रविवार की शाम लगभग चार बजे पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग से कस्बे में जाने वाले मार्ग पर कार सवार स्टंट करते घूमते रहे। सरकार ने ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस प्रशासन को सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए हैं। कार सवारों को ना तो सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने की कोई फिक्र है। ना ही पुलिस प्रशासन का कोई डर।

यही नहीं उन्हें तो अपने आप को या राह चलते किसी व्यक्ति को चोट लगने की फिक्र भी नहीं है। हर रोज पुलिस इस तरह के स्टंट करने वालों के चालान काट रही है। कई बार वाहन तक सीज कर देती है, लेकिन फिर भी इन लोगों को नियम कानून की कोई परवाह नहीं है। स्टंट करने के चक्कर में यह लोग अपनी सुरक्षा तो छोड़ो सड़क पर चल रहे लोगों की सुरक्षा को भी भूल जाते हैं, जिससे कि आए दिन एक्सीडेंट हो जाते हैं। इस बारे में कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने कहा कि यदि कोई इस तरह से स्टंट करता हुआ कस्बे में घूम रहा था। जांच करा कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन



**जानसठ, 08 सितम्बर (बु.)।** सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार की देखरेख में क्षेत्र के गांव मीरापुर, राजपुर कला, रामराज, सिखेड़ा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में अधिकतर एलर्जी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज आए। मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गई। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 71 मरीजो की जांच कर दवाई का वितरण किया। स्वास्थ्य मेले में अधिकांश खांसी, जुखाम, बुखार, अस्थमा से संबंधित मरीज पहुंचे। पीएचसी स्टाफ के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी और सहायिकाओं के द्वारा बच्चों का वजन किया गया। एएनएम के द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 28 मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. रूचि, फार्मेसिस्ट मरदान, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद और वार्ड बॉय राजेंद्र आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

## छात्र से छेड़छाड़ का आरोपित पकड़ा दूसरा फरार

**सिखेड़ा, 08 सितम्बर (बु.)।** स्कूल से घर लौट रही छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के लड़कों ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपित युवक को पकड़ लिया। उसका एक साथी आरोपी फरार हो गया। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती सिखेड़ा स्कूल में पढ़ती है। शुक्रवार को छुट्टी होने के बाद वह घर लौट रही थी। रास्ते में दूसरे समुदाय के दो युवक खड़े थे। दोनों ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। छात्रा ने अपने साथ हुई छेड़छाड़ की जानकारी स्वजन को दी। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एक युवक को उसके घर से पकड़ लिया। दूसरा युवक पुलिस की सूचना पाकर घर से फरार हो गया। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि लड़की ने अपने साथ दो लड़कों के द्वारा छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। जांच की जा रही है, जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

